माँ वैष्णो पब्लिक चैरिटेबुल ट्रस्ट की बैठक दिनांक 18.11.2019 का कार्यवृत्त

दिनांक 10.11.2019 को प्रसारित सूचना के आधारित एजेण्डा के आलोक में आज दिनांक 18.11.2019 को माँ वैष्णो पब्लिक चैरिटेबुल ट्रस्ट, ग्राम-प्रतापपुर, पोस्ट-बरौसा, जिला-सुल्तानपुर, उ.प्र. के ट्रस्ट बोर्ड की कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष श्रीमती रितु वर्मा की अध्यक्षता में माँ वैष्णो पब्लिक चैरिटेबुल ट्रस्ट के बैठक कक्ष में प्रातः 10.00 बजे निम्नलिखित एजेण्डा के आलोक में बैठक आरम्भ हुई।

एजेण्डाः-

1- कार्यकारिणी की पिछली बैठक की पुष्टि हेतु प्रस्ताव।
2- डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की अनुमति का प्रस्ताव।
3- अन्य विषय अध्यक्ष जी की अनुमति से।

क्रमांक	नाम	पद	हस्ताक्षर
1-	राहुल कुमार वर्मा	प्रबन्ध न्यासी/सचिव	राहुल कुमार वर्मा
2-	रितू वर्मा	अध्यक्ष	Ritu Verma
3-	फूलमती देवी	न्यासी	फूलमती देवी
4-	देव कुमार वर्मा	न्यासी	देव कुमार वर्मा
5-	बैजनाथ सिंह	न्यासी	बैजनाथ सिंह

गणपूर्ति को ध्यान में रखते हुये अध्यक्ष महोदया ने कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की। बैठक कार्यवाही आरम्भ हुईः-

प्रस्ताव-1- कार्यकारिणी की पिछली बैठक कार्यवाही प्रबन्ध न्यासी/सचिव श्री राहुल कुमार वर्मा ने पढ़कर सुनाया। उपस्थित सभी सदस्यों ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की।

प्रस्ताव-2- श्रीमती फूलमती देवी, न्यासी ने यह प्रस्ताव किया कि ट्रस्ट द्वारा ग्राम-चाँदपुर सैदोपट्टी, परगना-बरौसा, तहसील-सदर, जनपद-सुल्तानपुर में एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन किया जाना समाज हित में आवश्यक प्रतीत होता है।

अनुमोदन- उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से ग्राम-चाँदपुर सैदोपट्टी, परगना-बरौसा, तहसील-सदर, जनपद-सुल्तानपुर में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही हेतु प्रबन्ध न्यासी/सचिव श्री राहुल कुमार वर्मा को अधिकृत किया तथा उक्त कॉलेज की स्थापना में जैसे-भूमि, भवन, फर्नीचर, बेतन, आदि मदों में व्यय हेतु ट्रस्ट के कोष से धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्यों हेतु भी प्रबन्ध न्यासी/सचिव श्री राहुल कुमार वर्मा को अधिकृत किया गया।

प्रस्ताव-3- श्री देव कुमार वर्मा, न्यासी ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज के नामकरण की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित संस्थान हेतु 'श्री राम मूर्ति वर्मा फार्मेसी कॉलेज' (Shri Ram Murti Verma Pharmacy College) नाम प्रस्तावित किया।

अनुमोदन- उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज का नाम 'श्री राम मूर्ति वर्मा फार्मेसी कॉलेज' (Shri Ram Murti Verma Pharmacy College) रखने का समर्थन किया।

प्रस्ताव-4- श्री देव कुमार वर्मा, न्यासी ने यह प्रस्ताव किया कि प्रस्तावि कॉलेज हेतु भूमि चिन्हित कर दिया जाय तथा ग्राम-चाँदपुर सैदोपट्टी, परगना-बरौसा, तहसील-सदर, जनपद-सुल्तानपुर में उपलब्ध ट्रस्ट की भूमि गाटा सं.-

1079क, 1081क, 1084, 1085, 1086, 1172, 1175, 1176, 1177, 1179, 1180, 1181, 1182, 1183, 1184 रकबा-0.774 हेक्टेयर, गाटा सं.-1167, 1168, 1188, 1189ख रकबा-0.155 हेक्टेयर, कुल रकबा-0.929 हेक्टेयर (2.26746 एकड़) को उक्त प्रस्तावित डिप्लोमा एवं स्नातक स्तरीय फार्मेसी कॉलेज हेतु चिन्हित कर दिया जाय।

अनुमोदन- उपस्थित सभी सदस्यों के सम्मत विचारोपरान्त सर्व सम्मति से ग्राम-चाँदपुर सैदोपट्टी, परगना-बरौसा, तहसील-सदर, जनपद-सुल्तानपुर में उपलब्ध ट्रस्ट की भूमि गाटा सं.-1079क, 1081क, 1084, 1085, 1086, 1172, 1175, 1176, 1177, 1179, 1180, 1181, 1182, 1183, 1184 रकबा-0.774 हेक्टेयर, गाटा सं.-1167, 1168, 1188, 1189ख रकबा-0.155 हेक्टेयर, कुल रकबा-0.929 हेक्टेयर (2.26746 एकड़) को 'श्री राम मूर्ति वर्मा फार्मेसी कॉलेज' (Shri Ram Murti Verma Pharmacy College) के निर्माण एवं संचालन हेतु चिन्हित किया तथा प्रबन्ध न्यासी/सचिव श्री राहुल कुमार वर्मा को उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन एवं सभी विधिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया गया।

प्रस्ताव-5- श्रीमती ममता अग्रवाल, न्यासी ने प्रस्तावित 'श्री राम मूर्ति वर्मा फार्मेसी कॉलेज' (Shri Ram Murti Verma Pharmacy College) के सुगम संचालन एवं प्रबन्धन हेतु समिति के प्रबन्ध न्यासी/सचिव श्री राहुल कुमार वर्मा को उक्त कॉलेज के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव किया।

अनुमोदन- उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से प्रबन्ध न्यासी/सचिव श्री राहुल कुमार वर्मा को प्रस्तावित 'श्री राम मूर्ति वर्मा फार्मेसी कॉलेज' (Shri Ram Murti Verma Pharmacy College) के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव का समर्थन किया तथा अध्यक्ष महोदया ने नियुक्ति पर अपना अनुमोदन दिया तथा अध्यक्ष जी के अनुमोदन से सभा ने प्रस्तावित 'श्री राम मूर्ति वर्मा फार्मेसी कॉलेज' (Shri Ram Murti Verma Pharmacy College) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही, विधिक एवं सामान्य सभी प्रक्रियाओं के निस्पादन एवं सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत एवं निर्देशित किया।

अन्य विषय/प्रस्ताव न होने की स्थिति में अध्यक्ष जी को धन्यवादोपरान्त सभा की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

Maa Vaishnav Public Charitable Trust
राहुल कुमार वर्मा
President